वाटरलू विवि के साथ यूपीईएस का एमओयू

एमओयू पर साइन करते यूपीईएस के अध्यक्ष।

देहरादून (एसएनबी)। विवि यूपीईएस ने कनाडा के वाटरलू विश्वविद्यालय के साथ एक एमओयू सासन किया है। इसके तहत वाटरलू विवि की प्रोफेशनल शिक्षण पहल वाटस्पीड को भारत में लाकर ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव शिक्षा में परिवर्तनकारी शिक्षण के अवसर पैदा कर दोनों संस्थानों की एक्सपेर्टीज का लाभ उठाना है।

यूपीईएस के प्रेसीडेंट डा. सुनील राय वाटरलू विवि के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत वाटस्पीड के उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रम को यूपीईएस और छात्र आउटरीच के साथ एकीकृत करने की दिशा में काम किया जाएगा।

■ उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रम को यूपीईएस और छात्र आउटरीच के साथ एकीकृत करने की दिशा में होगा काम

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट ट्रांसफर को सुविधाजनक बनाना है इसके अलावा यूपीईएस के छात्र वाटरलू विवि के विशिष्ट आन कैंपस प्रोग्राम्स में प्रवेश पा सकें। यूपीईएस के प्रेसीडेंट डा. सुनील राय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यूपीईएस ने दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सार्थक सहयोग करने का प्रयास किया है। यूनिवर्सिटी आफ वाटरलू के अध्यक्ष डा. विवेक गोयल ने कहा कि इनोवेशन और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा आवश्यक होगी।

इस मौके पर वाटरलू विवि के अध्यक्ष डा. विवेक गोयल, गणित के डीन डा. मार्क गिसब्रेच, इंजीनियरिंग के डीन डा. मैरी वेल्स, इनोवेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट संजीव गिल, एडवांसमेंट के वाइस प्रेसीडेंट नेनोन डोनाल्डसन, यूपीईएस के डीन स्कूल आफ ला और हेड इंटरनेशनल अफेयर्स डा. अभिषेक सिन्हा, डीन स्कूल आफ कंप्यूटर साइंस डा. विजयशेखर चेलाबोइना आदि मौजूद थे।